पत्रांक–भवन / मु0अभि0(द0)यो0–प्राक0–01–01 / 2026 56 (अ) / पटना, दिनांक– 02/7/26

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

**राजेश कुमार सिंह,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार (ले0 एवं हक0),**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः– **माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के दिनांक–02.11.2025 को भोजपुर जिलान्तर्गत चुनावी परिभ्रमण के दौरान मझौवा स्थित हवाई अड्डा के हैलीपैड एवं बैरिकेडिंग आदि कार्य हेतु वित्तीय वर्ष–2026–27 में कुल ₹60,70,873/– (साठ लाख सत्तर हजार आठ सौ तिहत्तर रूपये) मात्र की व्यय की स्वीकृति के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक कार्य हेतु विभागीय प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश सं0–373(भ0) दिनांक–26.02.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 में कुल राशि ₹60,73,300/– मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी। उक्त राशि का भुगतान नहीं होने के कारण कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, आरा के पत्रांक–937, दिनांक–21.05.2026 से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर वित्तीय वर्ष–2026–27 में कुल ₹60,70,873/– (साठ लाख सत्तर हजार आठ सौ तिहत्तर रूपये) मात्र की व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. उक्त कार्य पर व्यय की जानेवाली राशि "मांग संख्या–03 के मुख्य शीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–मरम्मत–मतदेय विपत्र कोड–03–2059800530001 के विषयशीर्ष–27–लघु कार्य–0001.27.02–अनुरक्षण एवं मरम्मत" के अन्तर्गत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष–2026–27 के उपबंध राशि से विकलनीय होगा।
3. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।
4. इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, आरा** होंगे।
5. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, **भोजपुर, आरा** से की जायेगी।
6. प्रस्तुत योजना की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार द्वारा संचिका सं०–मु0अभि0(द0)यो0–प्राक0–01–01/2026 के पृष्ठ– 17/टि० पर दिनांक– 22.06.2026 को प्रदान की गयी है।
7. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888 दिनांक–03.12.2024 के आलोक में इस योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है।
8. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सं०सं०– मु0अभि0(द0)यो0–प्राक0–01–01/2026 के पृष्ठ– 16/टि० पर प्राप्त है।
9. वित्त विभागीय परिपत्र सं०–7355 वि०(2) दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इस राशि की निकासी में महालेखाकार के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

(राजेश कुमार सिंह) 2/7/26
**सरकार के अपर सचिव।**

**ज्ञापांक–** 56 (अ) **पटना, दिनांक–** 02/7/26

**प्रतिलिपि**–वित्त विभाग(बजट शाखा) एवं जिला कोषागार पदाधिकारी, **आरा** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सरकार के अपर सचिव।** 2/7/26

**ज्ञापांक–** 56 (अ) **पटना, दिनांक–** 02/7/26

**प्रतिलिपि**–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिकी/मुख्य अभियंता (दक्षिण)/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/निदेशक, अनुश्रवण/अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, **आरा**/उप निदेशक–1 एवं 2 अनुश्रवण/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, **आरा**/प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सरकार के अपर सचिव।** 2/7/26